प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की करेंगे अध्यक्षता।
- शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए शुरू किया एक राष्ट्रव्यापी अभियान।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड के लहार में नया औद्योगिक केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।
- प्रथम खेलो इण्डिया बीच गेम्स देश के खिलाड़ियों ने अब तक 2 स्वर्ण सहित कुल 5 पदक जीते ।

प्रधानमंत्री-नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष का विषय - वर्ष 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य है. बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

वहीँ कल नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र के केन्द्र के रूप में उभर रहा है।

शिक्षा-तम्बाकू मुक्त अभियान

शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को इन पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। महीनेभर चलने वाला यह अभियान 31 तारीख को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुरू होगा और

अगले महीने की 26 तारीख तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों के एक सौ गज के दायरे में, और नाबालिगों को तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के नियमों को लागू किया जाएगा।

कृषि उद्योग समागम

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर कृषि उपज मंडी के पास होने वाले कृषि उद्योग समागम के कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 मई को कृषि उद्योग समागम में शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड स्थल, पौधरोपण स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन रूम, मंच, इन्वेस्टर्स मीट, बैठक व्यवस्था आदि का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों को उन्नत खेती करने के तरीके और नई तकनीक पर मार्गदर्शन दिया जायेगा।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय

अमरीका की एक अदालत ने विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय का प्रमाणन रद्द करने के ट्रम्प प्रशासन के आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। ट्रम्प प्रशासन के गृह मंत्रालय ने एक दिन पहले ही हार्वर्ड विश्वविद्यालय का विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रमाणन रद्द किया था। इस विश्वविद्यालय में लगभग 780 भारतीय विद्यार्थी हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन एम. गार्बर ने इसे गैरकानूनी और अनुचित कार्रवाई बताते हुये इसकी निंदा की है।

नड्डा-उर्वरक

रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज आगामी खरीफ मौसम के लिए उर्वरक की बे-रोक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख उर्वरक कंपनियों के मुख्य प्रबन्ध निदेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, श्री नड्डा ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और किसानों को समर्थन देने तथा देशभर में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए समय पर वितरण को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री भिंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लहार में नया औद्योगिक केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही मछण्ड और असवार क्षेत्र को नगर परिषद बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री कल भिंड जिले के लहार में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का 300वां जयंती वर्ष चल रहा है। भिंड जिले के आलमपुर का कॉलेज अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड में विकास को गति प्रदान करते हुए 117 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 33 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 17 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा कार्यक्रम में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं भोपाल से विनय कुमार नासवा और खरगोन से प्रवीण श्रीमाली का संदेश।

बाइट- विनय कुमार नासवा, भोपाल प्रवीण श्रीमाली, खरगोन

आप भी इस कार्यक्रम में अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे।

मौसम

प्रदेश में इस बार नौतपा में भी पानी बरसेगा। मौसम विभाग ने अगले 7 दिन में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत कुल 47 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। आंधी की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। वहीँ कल रतलाम जिले में ओले गिरे। बारिश और आंधी की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट आई है । ग्वालियर में कल अधिकतम तापमान 40 दशमलव 2 डिग्री, भोपाल में 36

डिग्री, इंदौर में 34 दशमलव 4 डिग्री और जबलपुर में पारा 38 दशमलव 2 डिग्री दर्ज किया गया।

खेलो इण्डिया बीच गेम्स

देश में पहली बार खेलो इण्डिया बीच गेम्स का आयोजन दमन दीव के घोघला द्वीप में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के 39 खिलाड़ी और 11 आफिशियल्स सहित कुल 50 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहे है। मध्यप्रदेश के पेंचक सिलाट खिलाड़ियों ने अब तक 2 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 5 पदक अर्जित किये है। बीच गेम्स में कुल 8 खेल शामिल है। इनमें - सेपक ताक्रो, पेंचक सिलाट, बीच कबड्डी, ओपन वॉटर स्विमिंग, बीच व्हॉलीबाल, बीच सॉकर, मल्लखम्ब और टग आफ वार डेमो स्पोर्ट्स के रूप में शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना के जुगल किशोर मंदिर परिसर के विस्तार और निर्माण का भूमि पूजन करने के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव 29 मई को पन्ना जाएंगे।
- बुरहानपुर में बोरबन तालाब में खुदाई में मिले पुरातात्विक महत्व के 260 सिक्के कल जिला कोषालय में जमा करा दिए गए।
- खरगोन में कलेक्टर ने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को 31 मई तक फार्मर आईडी अभियान चलाकर समस्त पात्र किसान हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं।
- डिंडोरी में कृषि उपसंचालक अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि जिले के किसानों के लिए अरहर के उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है।
- छतरपुर में भारत सरकार की संयुक्त सचिव जल जीवन मिशन स्वाति मीणा नाइक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित पैरामीटरों पर जिले में हो रहा कार्यों की समीक्षा की।
- गुना जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत आयोजित 'नीर निकेतन' कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पर्यावरणीय जागरूकता विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

- जबलपुर में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के सभी 18 मंडलों में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा यात्राएं निकाली गई।
- नर्मदापुरम जिले में राज्य हीमोग्लोबिन पैथी और नेशनल सिकल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के तहत स्क्रीनिंग किए गए हितग्राहियों में से पाए गए सिकल सेल रोगियों को गंभीर इंफेक्शन से बचाने के लिए 13 वैक्सीन दिया जा रहा है।

-------